कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए युवा आतुर : धारीवाल

- 100 से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस का दामन
- 'राहत कैम्प में रजिस्ट्रेशन करवा कर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का फायदा उठाएं'

कोटा, (निसं)। राज्य सरकार के महंगाई से राहत कैम्प में अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का फायदा उठाएं। सरकार ने योजनाएं प्रदेशवासियों को केंद्र की गलत नीतियों के चलते हो रही महंगाई से राहत दिलाने के लिए लागू की हैं। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल कोटा में लगातार हाथ से हाथ जोड़ों अभियान के तहत पद यात्राओं के जरिए विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर क्षेत्रवासियों को 24 अप्रैल से राज्य सरकार की ओर से आयोजित होने वाले महंगाई से राहत कैंप की जानकारी दे रहे हैं।

साथ ही क्षेत्रवासियों से उनके क्षेत्र में हुए विकास कार्यों पर चर्चा और समस्याओं को सुनकर समाधान के मौके पर ही निर्देश दे रहे हैं। मंत्री धारीवाल की पदयात्रा शहर वासियों के लिए बड़ी राहत बन रही है। पदयात्रा का कारवां पटरी पार क्षेत्र में घर घर पहुंच रहा है। शनिवार को पदयात्रा वार्ड 21 के सरस्वती कॉलोनी के सभी गली मोहल्लों में पहुंची जहां क्षेत्र वासियों ने वार्ड में सीसी रोड नालियां सहित अन्य विकास कार्यों को करवाए जाने पर मंत्री धारीवाल और अमित धारीवाल का आभार जताते हुए स्वागत किया। पदयात्रा के दौरान मंत्री शांति धारीवाल ने वार्ड वासियों के 1250 ई श्रम कार्ड भी वितरित किए।

कोटा में यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल का लोगों ने स्वागत किया।

पदयात्रा के दौरान मंत्री शांति धारीवाल और पीसीसी सदस्य अमित धारीवाल क्षेत्र के मंदिरों में दर्शन कर सुख समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना कर रहे हैं मंदिर समितियों की ओर से भी उनका स्वागत सम्मान गया। क्षेत्रवासियों से मुखातिब हुए मंत्री धारीवाल आश्वस्त कर रहे हैं कि कोटा का कोई भी वार्ड विकास से अछूता नहीं है हम हर वार्ड को आदर्श वार्ड बनाने की मंशा रखते हैं और इसी उद्देश्य के साथ करोड़ों रुपए के कार्य वार्डो में करवाए गए हैं। पदयात्रा के दौरान महापौर मंजू मेहरा, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष श्याम सिंह जादौन, ब्लॉक अध्यक्ष ललित कुमार, नेवा लाल गुर्जर, एससी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दिनेश खटीक, पार्षद, निशा गौतम, बशीर अहमद हमीद गोड, मंडल अध्यक्ष मुकेश खंगार सहित क्षेत्र के कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। पटरी पार क्षेत्र के वार्ड 21 में यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल और पीसीसी सदस्य अमित धारीवाल घर-घर पहुंचकर क्षेत्रवासियों से संवाद कर रहे हैं वही पदयात्रा के दौरान पटरी पार क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी भाजपा छोड़ कांग्रेस का दामन थाम लिया। मंडल अध्यक्ष मुकेश खंगार के नेतृत्व में 100 से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा छोड़ कांग्रेस का दामन थाम लिया और पदयात्रा में पहुंचे मंत्री शांति धारीवाल और अमित धारीवाल का स्वागत किया। मंत्री शांति धारीवाल ने कांग्रेस जॉइन करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए युवा आतुर हैं और कोटा में जो विकास कार्य हुए हैं उन विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं।

विप्र फाउंडेशन का बैठक आयोजित

कोटा, (निसं)। विप्र फाउंडेशन की आवश्यक बैठक मंगलेश्वरी गार्डन कोटा में आयोजित की गई। बैठक में विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक मावली विधायक धर्मनारायण जोशी, विप्र फाउंडेशन जॉन 1 ए के प्रदेश अध्यक्ष के.के. शर्मा ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्देशानुसार संयुक्त रूप से बयान जारी कर बताया कि हाड़ौती क्षेत्र को विप्र फाउंडेशन का एक नया जोन घोषित किया गया है, जिसके अंतर्गत हाड़ौती के कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़ चारों जिले समाहित रहेंगे।

दोनों पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से स्पष्ट करते हुए यह बताया कि शनिवार से ही चारों जिलों में विप्र फाउंडेशन की पूर्व कार्यकारिणी को भंग किया जाता है और सभी पदाधिकारियों को पद मुक्त किया जाता है। बैठक में उपस्थित विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र शर्मा, विकास शर्मा, ब्राह्मण नेता भुनेश्वर शर्मा चच्चू भैया, युवा प्रकोष्ठ के महामंत्री गिर्राज शर्मा, जिला अध्यक्ष निशांत नंदवाना, महिला प्रकोष्ठ की डॉ राजेश शर्मा, निर्मला जैमन, कोटा जिला अध्यक्ष अजय चतुर्वेदी, दीपक, रामनरेश शर्मा सहित विप्र फाउंडेशन के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे जिन्होंने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्णय को सहर्ष स्वीकार किया।

सार-समाचार

फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी

कोटा, (निसं)। प्रदेश में आगामी 24 अप्रैल से शुरु होने जा रहे महंगाई राहत कैंप को ध्यान में रखते हुए कोटा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँचाने के लिए कोटा दक्षिण विधानसभा प्रत्याशी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव राखी गौतम द्वारा कोटा दक्षिण विधानसभा के अलग-अलग स्थानों पर कार्यकर्ताओं के साथ पैदल चलकर रथ के माध्यम से घर-घर जाकर प्रत्येक परिवार को राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी जा रहीं है।इसी क्रम में आज कोटा दक्षिण के बसंत विहार तांत्या टोपे पार्क व छत्रपुरा विज्ञान नगर आरटीओ ऑफिस से अभियान की शुरुआत की गई जिसके चलते गौतम ने अलग-अलग स्थानों, मोहल्लों व घरों में जाकर स्थानीय लोगों को पोस्टर के माध्यम समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के बारे में बताया तथा लोगों से कैम्प के दौरान आयोजित पंजीकरण मे रजिस्ट्रेशन करवाकर विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की गुहार लगाई। गौतम ने कहा कि अमूमन आम लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी नहीं होती है ओर जानकारी के अभाव में वह जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने से वंचित रह जाते है। मेरा यही उद्देश्य है कि कोटा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक परिवार को सरकार द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं का पूर्ण लाभ प्राप्त हो जिससे की वह एक सकुशल जीवनयापन कर सकें।

ईथॉस अस्पताल की चिकित्सा सेवाओं में विस्तार

कोटा, (निसं)। हाड़ौती संभाग के विश्व स्तरीय सेवाएं प्रदान करने वाले ईथॉस हॉस्पिटल ने अपनी सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं में विस्तार करते हुऐं न्यूरो सर्जन व न्यूरोलॉजी की सेवाएं हॉस्पिटल में हुई प्रारंभ की है। निदेशक के.के. कटियाल एवं सीए अरविंद गोयल ने बताया कि गोल्ड मेडलिस्ट डीएम डॉ. वैभव सोमवंशी व एमसीएच न्यूरो सर्जन डॉ.कपिल जैन न्यूरोलॉजी विभाग में अपनी सेवाएं ईथॉस अस्पताल को देंगे। अब हाड़ौती संभाग में जटिल से जटिल न्यूरो के केसो के लिए जयपुर व दिल्ली जाने से संभाग की जनता को राहत मिलेगी। उच्च स्तरीय सुविधाओं के युक्ति भवन में सुपर स्पेशलिस्ट न्यूरोलॉजी की सेवाएं मिल सकेगी। निदेशक प्रदीप दाधीच व जितेन्द्र कुमार गोयल ने बताया कि कोई भी रोगी जिसे मिर्गी के दौरे लकवा, कमर दर्द, (डिस्क हिलना), सिर दर्द (माइग्रेन) गर्दन, बांह, कमर एवं टांगों में दर्द है तो वह उचित सलाह ले सकते है। डॉक्टर ब्रेन हेमरेज विशेषज्ञ है,मांस में कड़ापन, नींद में परेशानी,व्यवहार में परिवर्तन, डिप्रेशन, चक्कर आना, बायटे, याददाश्त कम होना चलने में धीमापन नसों संबंधी बीमारी, बेहोशी आना, चलने में लड़खड़ाहट मानसिक तनाव, घबराहट, शरीर के किसी भी हिस्से में सनसनी/झनझनाहट/मांस सूख जाना, हाथ पैर मे कमजोरी, सुन्नपन, झनझनाहट, कंपन बच्चों की दिमागी समस्याएं किसी भी समस्या से ग्रस्ति है तो अपना उचित उपचार ईथॉस हॉस्पिटल से प्राप्त कर सकता है। डॉ. कटियाल एवं प्रदीप दाधीच ने बताया कि डॉ.वैभव सोमवंशी एमपी शाह जामनगर गुजरात, एलएनएम सेंट्रल हॉस्पिटल गोरखपुर और मेडिकल कॉलेज से डीएम न्यूरोलॉजी डिग्री लेने के साथ वर्ष 2021 में बीकानेर चैप्टर से गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

यात्रियों हेतु व्हीलचेअर किया भेंट

कोटा, (निसं)। रेलवे परिचालन विभाग के कोटा मंडल में कार्यरत ट्रेन मैनेजर(गार्ड) विजय शंकर शर्मा की पुत्री इति शर्मा और पुत्र चिराग शर्मा ने अपने पिता के जन्मदिन अवसर पर शनिवार 15 अप्रैल को दिव्याँग, वृद्ध, बीमार रेल यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन निदेशक कोटा जंक्शन एन.के. मीना और स्टेशन प्रबंधक जसवंत सिंह बतरा को सप्रेम अत्याधुनिक व्हीलचेयर भेंट किया। उनके संस्कारी बच्चों ने इस परोपकारी नेक कार्य के द्वारा अपने पिता के जन्मदिन को यादगार किया।इस अवसर पर रेलवे गार्ड लॉबी के मुख्य पर्यवेक्षक गोविन्द शर्मा, सीटीआई उमा शंकर, स्टेशन अधीक्षक (वाणिज्य) मोहम्मद अयूब, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक आर के वर्मा , गार्ड वी के सिंह सहित बड़ी संख्या में रेलवे गार्डो ने उनको जन्मदिन पर इस तरह के यात्री सुविधाओं हेतु जन-हित मे किये गये पुण्य कार्य पर हार्दिक शुभकामनायें दी। मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी ने इस पुनीत कार्य के लिए रेलवे ट्रेन मैनेजर का आभार व्यक्त किया एवं जनसम्पर्क अधिकारी रोहित मालवीय ने रेल कर्मचारी द्वारा परोपकारी जनहित कार्य की सराहना करते हुए बताया कि रेल यात्रियों के सुख-सुविधा हेतु स्कीम के तहत स्टील बैन्च, व्हीलचेअर, वाटर कूलर आदि भेंट किये जा सकते हैं।

वाहन चोर गिरोह का सरगना सहित तीन गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। कोटा सिटी पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय हाईप्रोफाइल लग्जरी वाहन चोर गिरोह सरगना शेरसिंह उर्फ शेरु उर्फ रतन सिंह धाधरैन व उसके साथ दो अन्य शातिर वाहन चोरो को दिल्ली से गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त मारुती एस एंड क्रोस कार बरामद की है। शेरसिह पर राजस्थान, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों में लूट, चोरी, वाहन चोरी, डकैती आदि के 4 दर्जन से ज्यादा प्रकरण दर्ज हैं। शहर पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी ने बताया कि शहर में लग्जरी वाहनों की चोरी के प्रकरणो को चुनौती के तौर पर लेकर वाहन चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश करने के लिये प्रवीण कुमार जैन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एंव अमर सिंह राठौड़ वृत्ताधिकारी वृत्त प्रथम के सुपरविजन में थानाधिकारी जवाहरनगर वासुदेव सिंह, पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में कानि धर्मेन्द्र, गोकुल, हरवेन्द्र, राजेन्द्र, सुनिल, राजु, भागीरथ को शामिल कर विशेष टीम का गठन किया गया।

पुलिस ने अंतर्राज्जीय वाहन चोर के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शेर सिंह थाना बयाना भरतपुर का कुख्यात हार्डकोर अपराधी है इस पर उत्तरप्रदेश के मथुरा, बुलन्दशहर, सिकन्दराबाद एंव मध्यप्रदेश के मुरैना, ग्वालियर, इन्दौर राजस्थान के भरतपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, दौसा, कोटा शहर, भीलवाड़ा, जीआरपी कोटा एंव सवाईमाधोपुर, आदि थानो में 1995 से अब तक वाहन चोरी, लूट, हत्या का प्रयास, राजकार्य में बाधा, फरारी, डकैती सहित आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज है। पुलिस को चकमा देकर शेरसिंह कई बार पुलिस कस्टडी से भाग चुका है। शेर सिंह अपने गिरोह के साथी सदस्यों को हाईटेक कार चोरी करने की ट्रेनिंग दे चुका है। उन्होंने बताया कि यह ट्रेन से आता है महंगी कार की चोरी करने चंद मिनटों में हाई सिक्योरिटी लॉक तोड कर महंगी कारें उड़ा ले जाता है। हार्डकोर अपराधी पुलिस कस्टडी से कई बार भाग चुका हैं। उन्होंने बताया कि शेर सिंह ने कोटा शहर की जीवन शैली से प्रभावित होकर उसने लग्जरी वाहन चोरी करने के लिये कोटा शहर को चुना। महंगी लग्जरी गाड़ियों को चोरी करने के बाद कानपुर और लखनऊ जैसे शहरों में बेचता था। गिरफ्तारशुदा शेर सिंह व अन्य अभियुक्तो से पुछताछ व विस्तृत अनुसंधान जारी है। उन्होंने बताया कि टीम की मेहनत पर पुलिस महानिदेशक राजस्थान, अतिरिक्त महानिदेशक अपराध शाखा राजस्थान, महानिरीक्षक पुलिस अपराध शाखा राजस्थान, पुलिस महानिरीक्षक कोटा रेन्ज द्वारा प्रशंसा की है। अतिरिक्त महानिदेशक अपराध शाखा राजस्थान द्वारा टीम को 25 हजार रुपये के ईनाम की घोषणा की है।

तलवंडी से चुराई थी टाटा हैरियर-तलवंडी निवासी अक्षित गुप्ता ने टाटा हैरियर कार आरजे 20 सीजे 2466 को 6 अप्रेल को 2023 को मध्यरात्रि को चोरी होने की रिपोर्ट पेश की जिस पर प्रकरण संख्या 93/2023 धारा 379 भादस थाना जवाहर नगर में दर्ज किया गया। ऐसे बनी कार्ययोजना-शहर के व्यस्तम इलाके तलवण्डी से लग्जरी कार चोरी के प्रकरण को चुनौती के रुप में लेते हुये जिला स्तर से सुपरविजन किया गया। गठित टीम ने घटनास्थल का गहनता से निरीक्षण कर दिन-रात मेहनत करते हुये कार चोरी की वारदात का खुलासा करने के लिये तकनीकी साक्ष्यो को एकत्रित कर प्राप्त आसूचना के आधार पर कई महत्वपूर्ण सुचनाओं का संकलन एंव विश्लेषण किया। टीम द्वारा घटना स्थल से कार को चोरी कर ले जाने के रुट का खाका तैयार किया।

घर के बाहर खड़ी कार के शीशे तोड़े

बून्दी, (निसं)। असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्यवाही नहीं होने से उनके हौसले बुलन्द हो रहे है। इसकी एकबानगी सदर थाना क्षेत्र के नैनवां रोड स्थित रजत गृह कॉलोनी के गेट नंबर 3 में देखने को मिली। जहां केंद्रीय विद्यालय के पीछे रहने वाले निवासी रेवती रमण कटारा के घर के बाहर खडी कार के अज्ञात लोगों ने बीती रात्रि को शीशे तोड दिए।

रेवती रमण जब सुबह उठने पर गाडी के शीशे टूटे हुए मिले। रेवती रमन ने सदर थाना पहुंचकर अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। इस तरह गाडी के शीशे टूटे हुए मिलने पर क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है। क्षेत्रवासियों का कहना हैं कि असामाजिक तत्वों पर सक्त कार्यवाही नहीं होने से उनके हौंसले बुलन्द हो रहे हैं। रात के अंधेरें में बाइकर्स कई बार हुल्लड करते हुए निकलते है।

राजस्थान तकनीकी विवि और आई.बी. एम के मध्य एमओयू

कोटा, (निसं)। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा इंजीनियरिंग के विद्यार्थिओं के समग्र उन्नयन की दिशा में आगे बढ़ते हुए विख्यात बहुराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी आईबीएम के साथ कुलपति प्रो.एसके सिंह के निर्देशन में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) साइन किया हैं।

इस अवसर पर कुलसचिव वीरेंद्र कुमार वर्मा, डीन प्रो.राजीव गुप्ता, डीन प्रो एके द्विवेदी एवं एवं आईबीएम के हेड एकेडमिक पब्लिक रिलेशन गगन अग्रवाल और मुख्य कार्यकारी अधिकारी कमल भाटी की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर एवं एमओयू का आदान-प्रदान कर तकनीकी शिक्षा के विद्यार्थियों के लिए व्यापक कार्ययोजना के तहत आपस में मिलकर कार्य करने पर सहमति जताई। सहायक जनसम्पर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि आईबीएम द्वारा संचालित ऑनलाइन कोर्सेस, मूक कोर्सेस, आईटी क्षेत्र से संबंधित पाठ्यक्रम और पाठ्यचर्या डिजाइन और विकसित करना, इंजीनियरिंग एमसीए और अन्य विभिन्न शैक्षणिक पाठ्यक्रमों का संचालन, आईबीएम की अनुसूची और अवधि पाठ्यक्रमों के बीच परस्पर सहमति, आईबीएम एमओओसी के लॉन्च की घोषणा, मेजर और माइनर पाठ्यक्रम, प्रोजेक्ट आधारित लर्निंग, कौशल विकास के नवीन अवसर, आईटी एवं शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन एवं राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध इंजीनियरिंग कॉलेज में इनका सफल क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न विषयों पर आईबीएम के साथ सहमती बनी हैं।

भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह संपन्न

कोटा, (निसं)। भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा का दायित्व ग्रहण एवं पदस्थापना समारोह महर्षि दाधीच भवन पर आयोजित किया गया। सचिव मनोज विजयवर्गीय ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष प्रांतीय अध्यक्ष किशन पाठक पदस्थापना अधिकारी भारत विकास परिषद चिकित्सालय के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता तथा विशिष्ठ अथिति समाजसेवी देवकीनंदन ताम्बी रहे। पूर्व अध्यक्ष प्रेम विजय ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

सचिव मनोज विजयवर्गीय द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन सुनाया गया। पदस्थापना अधिकारी एवं कार्यक्रम अध्यक्ष द्वारा अध्यक्ष हरी ओम विजय सचिव मनोज विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष इन्द्र नारायण शर्मा एवम् शाखा के सभी पदाधिकारी को शपथ दिलवाई गई। कार्यकारिणी को शपथ प्रांतीय संरक्षक ओम प्रकाश विजय द्वारा दिलवाई गई। कार्यक्रम में पधारे परिषद के नए सदस्यों

कोटा में भारत विकास परिषद का दायित्व ग्रहण समारोह आयोजित किया।

का स्वागत किया गया तथा उनको भी परिषद के आदर्शों की शपथ दिलवाई गई। मुख्य अतिथि संदीप शर्मा ने अपने उद्बोधन में परिषद के आदर्शों के साथ उन लोगों की सेवा का आव्हान किया जिन्हें वास्तव में इनकी जरूरत है। प्रांतीय अध्यक्ष किशन पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा की हम परिषद के पांच सूत्रीय कार्यक्रम एवम सेवा प्रकल्प को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे इस हेतु कोटा महानगर में परिषद से अधिक से अधिक व्यक्ति जुड़े हमें यह भी प्रयास करना चाहिए। पदस्थापना अधिकारी राजकुमार गुप्ता ने परिषद के पांच सूत्र संपर्क, सहयोग, संस्कार सेवा, समर्पण की विस्तृत विवेचना की तथा कहा की परिषद व्यक्ति निर्माण से राष्ट्रनिर्माण तक सुसंस्कारित भारत के निर्माण का उद्देश्य लेकर कार्य करती है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरी ओम विजय ने अपने उद्बोधन में आगामी सत्र में होने वाले कार्यक्रम के बारे में बताया तथा संकल्प लिया की हम सत्र में अधिक से अधिक सेवा के कार्य करेंगे।

श्री भक्तमाल कथा आज से

कोटा, (निसं)। भगवान श्री पीपलेश्वर महादेव मंदिर में पंचम प्राण प्रतिष्ठा (पाटोत्सव) महोत्सव रविवार प्रात: 8 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा। कलश यात्रा दंडवीर हनुमान मंदिर महावीर नगर-3 से घटोतकच्छ होते हुये मंदिर तक निकलेगी। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा के साथ भक्तों का स्वागत किया जायेगा। पाटोत्सव के लिये मंदिर की विशेष सजावट की गई है। मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष जागेश्वर सिंह चौहान व महामंत्री कुलदीप माहेश्वरी ने बताया कि इस 7 दिवसीय महोत्सव के अवसर पर रंगबाडी रोड पर कम्पीटीशन कॉलोनी स्थित श्री पीपलेश्वर महादेव मंदिर के विशाल पांडाल में 16 से 20 अप्रैल तक श्री भक्तमाल कथा आयोजित की जा रही है। जिसमें वृंदावन के दिव्य संत गौरदास महाराज के श्रीमुख से प्रतिदिन दोपहर 1 से 5 बजे तक ओजस्वी प्रवचन होंगे। समिति के कोषाध्यक्ष गजेंद्र गुप्ता ने बताया कि 21 अप्रैल को मंदिर में ब्रह्म मुहुर्त में श्रीराम मंदिर, वृंदावन के महामंडलेश्वर महंत रघुनाथदास महाराज के सान्निध्य में सहस्त्र घट महाभिषेक होगा, जिसमें वृंदावन, मथुरा, हरिद्वार, काशी विश्वनाथ आदि तीर्थों से 11 प्रमुख दिव्य संत एवं उनके भक्त भाग लेंगे। कोटा से साध्वी नीति अम्बामाताजी, साध्वी हेमा सरस्वती, थेकड़ा से सनातनपुरी महाराज, मथुराधीश मंदिर से शरदबाबा, ईस्कॉन कोटा के प्रभू मायापुर वासी दास कोटा की प्रथम श्री भक्तमाल कथा में आयेंगे।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अचल सम्पत्ति मकान नम्बर-42-ए वाके कृष्णा नगर (अल्फा कॉम्पलेक्स) ग्राम कोटड़ी तहसील लाडपुरा जिला कोटा (राजस्थान) में स्थित है, उक्त सम्पत्ति नगर विकास न्यास कोटा से श्री फिरोज खान को जरिये रजिस्टर्ड लीज डीड दिनांक 31.03.2005 को प्राप्त हुई थी, तत्पश्चात श्री फिरोज खान ने मुख्तार आम दिनांक 07.05.2005 को श्री जाहीद खान के पक्ष में कर दिया, तत्पश्चात श्री जाहीद खान मुख्तारआम श्री फिरोज खान द्वारा बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 28.10.2005 को श्री बलवन्त कुमार एवं श्री पवन कुमार के पक्ष में कर दिया, तत्पश्चात श्री बलवन्त कुमार ने 1/2 हिस्सा जरिये रजिस्टर्ड वसीयतनामा दिनांक 13.12.2007 को श्री पवन कुमार के पक्ष में कर दिया, तत्पश्चात बलवन्त कुमार का स्वर्गवास दिनांक 29.05.2005 को हो गया एवं बलवन्त कुमार के स्वर्गवास के पश्चात उनके विधिक वारिसान श्री पवन कुमार वसीयतनामा दिनांक 13.12.2007 के अनुसार उक्त सम्पत्ति के संयुक्त रुप से मालिक व काबिज हो गए। जिस बाबत मेरे अभिभाष्य श्री पवन कुमार पुत्र श्री सुन्दर लाल वित्तीय संस्था Shri Ram Housing Finance Ltd. से ऋण ले रहे है, सर्वसाधारण को सम्पत्ति के विधिक वारिसान, मालीकाना हक स्वामित्व, कब्जे व अधिकार पर कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित में मय दस्तावेज सूचित करें अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।

दिनांक: 15.04.2023

For: S.R.M. PARTNERS
Off. No. 127 Santwani Sadan
Ballabh Bari RTNER KOTA
Mob. 7737426847, 9414735406

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अचल सम्पत्ति दुकान नम्बर-8 वाके श्रीनाथ प्लाजा, पशु चिकित्सालय के सामने बारां कोटा रोड जिला बारां (राजस्थान) में स्थित है, उक्त सम्पत्ति श्री हरिपाड़ा बनर्जी, श्री नन्दलाल लडीया, श्री बनारसी लाल चामरीया, श्री मुरारी लाल शर्मा से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 11.09.1962 को ताराचन्द को प्राप्त हुआ, तत्पश्चात ताराचन्द का स्वर्गवास हो गया, तत्पश्चात ताराचन्द के विधिक समस्त उत्तराधिकारी श्री धर्मेन्द्र कुमार अहुजा, श्रीमती विन्देश, श्रीमती नीलेश अदलक्खा, श्रीमती राजरानी, श्रीमती प्रेम बाई, श्री हंसराज, श्री राजेन्द्र कुमार अदलक्खा एवं श्रीमती पुष्पा अहुजा ने जरिये रजिस्टर्ड रिलिज डीड (हक त्याग) दिनांक 18.03.2022 को श्री देवेन्द्र कुमार अहुजा के पक्ष में कर दिया, तत्पश्चात श्री देवेन्द्र कुमार अहुजा ने जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 11.04.2022 को श्री पवन कुमार को बेचान कर दिया, जिस बाबत मेरे अभिभाष्य श्री पवन कुमार वित्तीय संस्था Shri Ram Housing Finance Ltd. से ऋण ले रहे है, सर्वसाधारण को सम्पत्ति के विधिक वारिसान, मालीकाना हक स्वामित्व, कब्जे व अधिकार पर कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित में मय दस्तावेज सूचित करें अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।

दिनांक: 15.04.2023

For: S.R.M. PARTNERS
Off. No. 127 Santwani Sadan
Ballabh Bari RTNER KOTA
Mob. 7737426847, 9414735406

जेईई मेन संपन्न, अंतिम दिन भी मैथ्स ने उलझाया, कैमेस्ट्री आसान

कोटा, (निसं)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित की जा रही देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन के अप्रैल सेशन की परीक्षा का शनिवार को सातवां दिन था और इसी के साथ जेईई मेन अप्रैल सेशन की परीक्षा का समापन हो गया। कोटा में दो केन्द्रों पर इस परीक्षा का आयोजन किया गया था। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. बृजेश माहेश्वरी सर ने बताया कि स्टूडेंट्स के फीडबैक व सीसैट पर प्राप्त रिस्पॉन्सेज के आधार पर यह कहा जा सकता है कि सातवें दिन भी मैथ्स ने स्टूडेंट्स को उलझाऐं रखा जबकि कैमेस्ट्री सबसे आसान रही। एनटीए द्वारा पेपर तथा रिकॉर्डेड रिस्पॉन्स जारी करने के बाद एलन की एक्सपर्ट्स फैकल्टीज द्वारा पेपर का विस्तृत एनालिसिस कराया जाएगा।

फिजिक्स-विद्यार्थियों से मिले फीडबैक के अनुसार सुबह की पारी में पेपर आसान रहा। कक्षा 11वीं और 12वीं के अधिकांश चैप्टर्स से प्रश्न पूछे गए थे। कक्षा 11वीं के टॉपिक्स से यूनिट डाइमेन्शन, काइनेमेटिक्स वन डी और टू डी, एलास्टिसिटी, केटीजी, लॉज ऑफ थर्मोडाइनेमिक्स, फ्लुइड, एसएचएम, ग्रेविटेशन व स्ट्रिंग वेव से प्रश्न आए। इसी प्रकार 12वीं कक्षा के टॉपिक्स से ज्योमेट्रिकल ऑप्टिक्स, इलेक्ट्रोस्टेटिक्स, कैपेसिटेन्स, करंट इलेक्ट्रिसिटी, एमईसी, ईएमआई, वेव ऑप्टिक्स, मॉडर्न फिजिक्स, सेमीकन्डक्टर्स और प्रिंसीपल ऑफ कम्यूनिकेशन से प्रश्न पूछे गए।

कैमेस्ट्री-सुबह की पारी में कैमेस्ट्री का पेपर आसान रहा। इनऑर्गेनिक कैमेस्ट्री में इन्फॉर्मेशन आधारित व कंसेंप्चुअल प्रश्न आए और ऑर्गेनिक कैमेस्ट्री में अधिकतर प्रश्न रिएक्शन आधारित रहे। जबकि फिजीकल कैमेस्ट्री के अधिकतर प्रश्न न्यूमेरिकल सेक्शन में देखने को मिले। इनऑर्गेनिक कैमेस्ट्री में कोऑर्डिनेशन कैमेस्ट्री से दो प्रश्न, इलेक्ट्रोनिक कॉन्फिगरेशन, एनवायरमेन्टल कैमेस्ट्री, कैमिकल बॉन्डिंग व मेटलर्जी सहित कुछ अन्य टॉपिक्स एक-एक प्रश्न पूछे गए। ऑर्गेनिक कैमेस्ट्री में पीओसी, क्रोमेटोग्राफी से एक-एक प्रश्न, मिक्स रिएक्शन से संबंधित तीन-चार प्रश्न आए। जिसमें एरोमेटिक कम्पाउण्ड, ओजोनोलाइसिस, हाइड्रोलाइसिस, ग्रिग्नेड रीजेन्ट पर फोकस करते हुए पॉलीमर से मैच द कॉलम के प्रश्न पूछे गए। फिजीकल कैमेस्ट्री से कंसन्ट्रेशन ऑफ सॉल्युशन, लिक्विड सॉल्युशन, केमिकल काइनेटिक्स, रिडोक्स रिएक्शन, थर्मोडाइनेमिक्स, आयोनिक इक्विलिब्रीयम तथा इलेक्ट्रोकैमेस्ट्री से प्रश्न पूछा गया।

मैथ्स-सुबह की पारी में पेपर मध्यम स्तरीय होने के साथ-साथ लेन्दी रहा। एलजेब्रा से आठ-नौ प्रश्न आए। जिसमें क्वाड्रेटिक, डिटरमिनेन्ट, मेट्रिक्स, पीएंडसी, प्रोबेबिलिटी, सीक्वेंस सीरीज, कॉम्पलेक्स नंबर्स, बाइनोमियल थ्योरम को कवर किया गया। कैलकुलस में भी आठ-नौ प्रश्न आए। इसमें कन्टीन्युइटी, डेरिवेबिलिटी, डेफिनेट इंटीग्रेशन, डिफरेन्शियल इक्वेशन एवं एरिया अंडर कर्व टॉपिक्स से प्रश्न पूछे गए। इसी प्रकार वेक्टर थ्री डी से चांर प्रश्न आए। जो कि स्ट्रेट लाइन, सर्किल, पैराबोला एवं इलिप्स टॉपिक्स से आए। स्टेटिस्टिक्स, रिलेशन व रीजनिंग से एक-एक प्रश्न आया।

जल मंदिर का शुभारंभ

बूंदी, (निसं)। शनिवार को छत्रपुरा रोड पर कलरव सेवा संस्थान की ओर से उमंग मिनरल वाटर के सामने वैशाख मास में शीतल जल की प्याऊ का शुभारंभ किया गया। गर्मी में राहगीरों को राहत के लिये ठंडे पानी का प्याऊ का शुभारंभ राजस्थान बीज निगम के निदेशक चर्मेश शर्मा ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया। इस अवसर शर्मा ने कहा कि प्यासे व्यक्ति को पानी पिलाना मानव का सच्चा धर्म है।

विनायक स्थापना से हुआ परशुराम जयंती महोत्सव का आगाज

- क्रिकेट सहित मनोरंजन, खेलकूद प्रतियोगिताएं आज

बून्दी, (निसं)। राजस्थान ब्राह्मण महासभा जिला बूंदी के तत्वाधान में परशुराम वाटिका में विनायक स्थापना कार्यक्रम के साथ परशुराम जयंती महोत्सव 2023 का आगाज हुआ। प्रवक्ता नूतन तिवारी ने बताया कि पं. विष्णु दत्त तिवारी ने वैदिक मंत्रोचार पद्धित से पूजा अर्चना कर गणपति जी को स्थापित कर सभी विप्र बंधुओं द्वारा परशुराम जयंती महोत्सव की सफलता की प्रार्थना की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मिथिलेश दाधीच एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने सभी कार्यक्रमों की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए आगामी रूपरेखा पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

विनायक स्थापना कार्यक्रम के दौरान राजेश शर्मा, धनंजय शर्मा, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, नगर अध्यक्ष पीयूष शर्मा, मंथन पंचोली, विकास सनाढ्य, सुनील बॉबी, लोकेश दाधीच, राजेंद्र शर्मा, अशोक बना सहित सभी विप्र बंधु मौजूद रहे।

विनायक स्थापना कर जयंती महोत्सव का आगाज हुआ।

आज से होगी परशुराम डे नाइट क्रिकेट लीग परशुराम जन्मोत्सव के सप्त दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत आज 16 अप्रैल से श्री परशुराम जयंती महोत्सव क्रिकेट लीग की शुरुआत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बूंदी में प्रात: 7 बजे से होगी। जिसमें खेल प्रभारी मंथन पंचोली शारीरिक शिक्षक आशीष शर्मा पीयूष शर्मा ने बताया की क्रिकेट प्रतियोगिता में 20 टीम भाग लेगी। प्रवक्ता नूतन तिवारी ने बताया कि परशुराम डे नाइट क्रिकेट लीग के लिए विद्यालय के दोनो खेल मैदान में निर्धारित मापदंड के अनुसार क्रिकेट पिच तैयार किया गया हैं। क्रिकेट लीग फाइनल व सेमीफाइनल मैच भी इसी दिन मध्यरात्री तक दुधिया रोशनी की लगी लाईट में खेले जाएंगे।

राजस्थान ब्राह्मण महासभा महिला मंडल की नैनवां रोड़ स्थित शगुन रिसोर्ट में महिला जिलाध्यक्ष किरण शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में परशुराम जयंती महोत्सव के तहत होने वाली महिलाओं की मनोरंजन, खेलकूद प्रतियोगिताओं को अंतिम रूप दिया गया। प्रतियोगिताओं की मुख्य प्रभारी अनीता शर्मा एवं कुसुम शर्मा ने बताया कि 16 अप्रैल को मनोरंजन खेलकूद प्रतियोगिता परशुराम वाटिका में आयोजित होगी। जिनके लिए खेल सामठी खेल स्थल पर निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। प्रतियोगिताओं में म्यूजिकल चेयर, स्ट्रो इन द बोटल, अंठोजी हिंदी की गिनती, बलून गेम, तीन टांग दौड, श्री परशुराम भगवान के विषय पर हाउजी इन एंड आउट बोल, बेबी बोल शामिल है। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष रेखा जोशी, साधना श्रृंगी, अरुणा चतुर्वेदी, कीर्ति सुखवाल, अनुपमा तिवारी आदि सदस्य मौजूद रही।

-: राजस्थान आवासन मण्डल :-

अंतिम - सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल की विभिन्न योजनाओं मे आवंटियों को मण्डल द्वारा किराया क्रय/नगद भुगतान पद्धति के अंतर्गत आवास आवंटित किये गए थे इन आवंटियो ने अपने आवास का विक्रय/हस्तांतरण अन्य व्यक्तियों को कर दिया है आवास क्रय करने वाले व्यक्तियों ने आवास का अपने पक्ष में नियमितिकरण करने हेतु वांछित प्रपत्रों सहित आवेदन किया है। अतः निम्न सूची मे सम्मिलित आवास का मूल आवंटी के नाम से निरस्तीकरण करते हुए इनका नियमितिकरण क्रेता के पक्ष में किए जाने की कार्यवाही की जा रही है, इन प्रस्तावित निरस्तीकरण/नियमितिकरण के विरुद्ध कोई हितकारी अपना पक्ष प्रस्तुत करना चाहे तो सूचना प्रकाशन से 15 दिन मे उप आवासन आयुक्त वृत कोटा के कार्यालय मे प्रस्तुत कर सकता है। आपत्ति प्रप्त नहीं होने पर यह मानते हुए कि इन आवासियों के मूल आवंटियों/हितकायों को नियमितिकरण बाबत् कोई आपत्ति नहीं है आवास का आवंटन बिना किसी अन्य सूचना के मूल आवंटियों के नाम से निरस्त कर एंव नियमितिकरण क्रेता के पक्ष में किए जाने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जावेगी।

क्र.स.	मूल आवंटी का नाम	क्रेता का नाम	मकान नं.	कॉलोनी एवं शहर
1.	चन्द्र प्रकाश शर्मा	सीमा	1J9	रंगबाड़ी
2.	अब्दुल एम. कुद्दूस	राम कैलाश मीणा	8/211	स्वामी विवेकानन्द नगर
3.	चन्द्रकला गुप्ता	अनिता	12/93	स्वामी विवेकानन्द नगर
4.	सुषमा भार्गव	विजय भार्गव	3/114	स्वामी विवेकानन्द नगर
5.	रतन लाल	किशन कुमार	5/74	स्वामी विवेकानन्द नगर
6.	अजीत सिंह	हरिमोहन	9 F 15	महावीर नगर III
7.	विवेक दीक्षीत	सावित्री देवी	10/43	स्वामी विवेकानन्द नगर
8.	मोहम्मद जमील	अंजू विजयवर्गीय	3 M 86	महावीर नगर विस्तार
9.	हरधीर सिंह गंगवाल	रमा मेहता	4/96	स्वामी विवेकानन्द नगर
10.	अनीता कुमारी	मेनाज बानो	9 F 10	महावीर नगर III
11.	नेमीचन्द	अब्दुल रशीद	3 LA 41	विज्ञान नगर
12.	नरेन्द्र शर्मा	राजकुमारी	4 T 26	महावीर नगर विस्तार
13.	दानमल	बंशीलाल	6 F 78	विज्ञान नगर विस्तार
14.	नरेश कुमार	शोएब हसन	2 ग 23	विज्ञान नगर
15.	निसाउद्दीन	रामगोपाल	6 G 68	विज्ञान नगर विस्तार
16.	विवेक	मो. यूनुस अंसारी	2 ग 17	विज्ञान नगर
17.	धापू बाई	सुशीला देवी पाराशर	2 E 15	जवाहर नगर बूंदी
18.	मनभर बाई	सुशीला देवी पाराशर	2 E 14	जवाहर नगर बूंदी
19.	अमोलक सिंह	दारा सिंह	1/15	भवानीमण्डी
20.	ममता देवी	गोपाल सिंह सिसोदिया	2/108	लाखेरी